SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 30/12/2019

Q1. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इनमे से किस वर्ड को "वर्ड ऑफ द ईयर" घोषित किया है?

क. क्लाइमेट इमरजेंसी

ख. सेव क्लाइमेट

ग. क्लाइमेट सर्च

घ. एंजायटी क्लाइमेट

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने "क्लाइमेट इमरजेंसी" वर्ड को "वर्ड ऑफ द ईयर" घोषित किया है. इस शब्द को शामिल करने का श्रेय जलवायु एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग को

SarkariExam.Com

दिया गया है. वही प्रभावशाली शब्द की रेस में दूसरा सबसे अहम वर्ड इको-एंजायटी है.

Q2. राज्यपाल गणेशी लाल ने किस राज्य में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया गया है?

क. केरल

ख. पंजाब

ग. ओडिशा

घ. उत्तराखंड

ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल ने हाल ही में ओडिशा के बलांगीर में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया गया है. इस प्लांट को 19 महीने के रिकॉर्ड समय में 103 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है. इस प्लांट से राज्य के 14 जिलों के लोगों को फायदा मिलेगा.

Q3. भारतीय रेलवे की स्थिति को और बेहतर करने के उद्देश्य से किसने भारतीय रेलवे के संगठनात्मक पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है?

क. निति आयोग

ख. रेल मंत्रालय

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. केंद्रीय मंत्रिमंडल

SarkariExam.Com

भारतीय रेलवे की स्थिति को और बेहतर करने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय रेलवे के संगठनात्मक पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है. इसे मंजूरी के बाद रेलवे बोर्ड का पुनर्गठन कार्यात्मयक तर्ज पर होगा. और इसकी अध्यक्षता सीआरबी करेंगे. साथ ही भारतीय रेलवे चिकित्सा सेवा का नाम बदलकर भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा रखा जाएगा.

Q4. निम्न में से किस बैंक ने फ्रॉड एटीएम ट्रांजैक्शन रोकने के लिए जनवरी 2020 से वन टाइम पासवर्ड आधारित कैश विदड्रॉल सिस्टम शुरू करने की घोषणा की है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. यस बैंक

ग. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

घ. आईसीआईसीआई बैंक

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फ्रॉड एटीएम ट्रांजैक्शन रोकने के लिए जनवरी 2020 से वन टाइम पासवर्ड आधारित कैश विदड्रॉल सिस्टम शुरू करने की घोषणा की है. जिसके बाद रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक एटीएम से कैश निकालने के लिए रजिस्टर्ड नंबर पर आया ओटीपी बताना होगा.

SarkariExam.Com

Q5. न्यूजीलैंड के नील वेगनर सबसे तेज कितने टेस्ट विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं?

क. 50 टेस्ट विकेट

ख. 100 टेस्ट विकेट

ग. 150 टेस्ट विकेट

घ. 200 टेस्ट विकेट

न्यूजीलैंड के नील वेगनर सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने मेलबर्न टेस्ट में स्टीव स्मिथ को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने 44 टेस्ट में सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लिए है.

Q6. कॉमनवेल्थ गेम्स 2017 में सिल्वर मेडल जीतने वाली वेटलिफ्टर सीमा पर डोप टेस्ट में फेल होने कितने साल का प्रतिबंध लगाया गया है?

क. 2 साल

ख. 4 साल

ग. 6 साल

घ. 7 साल

कॉमनवेल्थ गेम्स 2017 में सिल्वर मेडल जीतने वाली वेटलिफ्टर सीमा पर डोप टेस्ट में फेल होने पर नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 4 साल का प्रतिबंध लगाया गया है. सीमा को उनके सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के कारण डोपिंग रोधि नियम के उल्लंघन का दोषी पाया गया है.

SarkariExam.Com

Q7. वेस्टइंडीज के किस पूर्व कप्तान को नाइटहुड की उपाधी से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है?

क. ब्रेन लारा

ख. क्लाइव लॉयड

ग. थिशारा परेरा

घ. अजंता मेंडिस

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड को नाइटहुड की उपाधी से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है. इस उपाधी से सम्मानित होने के बाद वे सर गैरी सोबर्स, सर एवर्टन वीक और सर विव रिचर्ड्स के क्लब में शामिल हो जाएंगे.

Q8. भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व कप्तान को इस साल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करने के घोषणा की गयी है?

क. सौरव गांगुली

ख. एम एस धोनी

ग. सचिन तेंदुलकर

घ. कृष्णमाचारी श्रीकांत

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और वर्ष 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य कृष्णमाचारी श्रीकांत को सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करने के घोषणा की गयी है. उन्हें बीसीसीआई वार्षिक पुरस्कार समारोह में इस पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा.

SarkariExam.Com

Q9. ‘एक आना’ (भारतीय पुरानी मुद्राप्रणाली) में कौनसा एक रुपए का हिस्सा होता था?

[क] रुपए का 16वां हिस्सा

[ख] रुपए का 20वां हिस्सा

[ग] रुपए का 10वां हिस्सा

[घ] रुपए का 6वां हिस्सा

Q10. भारत मुक्केबाज खेल से सम्बंधित मैरी कोम उत्तर पूर्वी के किस राज्य से है?

[क] मिजोरम

[ख] त्रिपुरा

[ग] मेघालय

[घ] मणिपुर

Q11. हेमंत सोरेन ने हाल ही में दूसरी बार किस राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. झारखंड

घ. बिहार

SarkariExam.Com

हेमंत सोरेन ने हाल ही में दूसरी बार झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. उन्हें राज्यपाल द्रौपदी मुर्मु ने 11वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई है. उन्हें शपथ समारोह में 14 दलों के 30 नेताओं को न्यौता दिया गया था.

Q12. पेरू में मैकडॉनल्ड फ्रैंचाइज के मालिक पर कितने लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है?

क. एक लाख डॉलर

ख. डेढ़ लाख डॉलर

ग. ढाई लाख डॉलर

घ. पांच लाख डॉलर

पेरू में मैकडॉनल्ड फ्रैंचाइज के मालिक पर ढाई लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है. हाल ही में पेरू में मैकडॉनल्ड के स्थानीय अधिकारियों की गंभीर सुरक्षा चूक के चलते दो कर्मचारियों की मौत हो गयी है.

Q13. चीन ने हाल ही में सबसे भारी एवं अत्याधुनिक संचार उपग्रह लॉग ____ रॉकेट के द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है?

क. जनवरी-5

ख. चीन-5

ग. मार्च-5

घ. अगस्त-5

SarkariExam.Com

चीन ने हाल ही में सबसे भारी एवं अत्याधुनिक संचार उपग्रह लॉग मार्च-5 रॉकेट के द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है. यह मिशन अंतरिक्ष में चीन के लिए संवदेनशील अभियानों हेतु मार्ग प्रशस्त करेगा. यह मिशन 2020 में मंगल ग्रह के लिए चीन के लिए सहायक होगा.

Q14. महानायक अमिताभ बच्चन को किसने 50वे दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. रामनाथ कोविंद

ग. रामविलास पासवान

घ. अमित शाह

महानायक अमिताभ बच्चन को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 50वे दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया है. अमिताभ बच्चन खराब सेहत के चलते 23 दिसंबर को 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का वितरण के समय पुरस्कार नहीं ग्रहण कर पाए थे.

Q15. पेजावर मठ के प्रमुख विश्वेश तीर्थ स्वामीजी हाल ही में कितने वर्ष की उम्र में निधन हो गया है?

क. 66 वर्ष

ख. 77 वर्ष

ग. 88 वर्ष

SarkariExam.Com

घ. 98 वर्ष

पेजावर मठ के प्रमुख विश्वेश तीर्थ स्वामीजी हाल ही में 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. उनके पार्थिव शरीर महात्मा गांधी मैदान में रखा जाएगा. साथी कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने उनके निधन पर राज्य में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है.

Q16. भारत के किस राज्य द्वारा ज्योतिराव फुले किसान ऋण माफ़ी योजना की घोषणा की गई है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. पंजाब

घ. महाराष्ट्र

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के द्वारा ज्योतिराव फुले किसान ऋण माफ़ी योजना की घोषणा की गई है. जिसके तहत जिन किसानों ने 2 लाख रुपये का ऋण लिया है वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं.

Q17. निम्न में से किस खिलाडी को ट्विटर पर सबसे ज्यादा 8.17 करोड़ प्रशंसकों ने फॉलो किया है?

क. लियोनल मेस्सी

ख. विराट कोहली

ग. पीवी सिन्धु

SarkariExam.Com

घ. रोहित शर्मा

पुर्तगाल के रोनाल्डो को ट्विटर पर सबसे ज्यादा 8.17 करोड़ प्रशंसकों ने फॉलो किया है जबकि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को ट्विटर पर सबसे ज्यादा 8.17 करोड़ प्रशंसकों ने फॉलो किया है. हालाँकि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स हर समय घटते-बढ़ते रहते हैं.

Q18. भारत की किस युवा महिला ग्रैंडमास्टर ने वर्ल्ड रेपिड चैंपियनशिप 2019 का खिताब जीता है?

क. सुमन वर्मा

ख. सुमित्रा तय्गी

ग. कोनेरू हंपी

घ. सानिया हंगल

भारत की युवा महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने वर्ल्ड रेपिड चैंपियनशिप 2019 का खिताब जीता है. उन्होंने ब्लिट्ज प्लेऑफ में चीन की लेई तिंगजी को हराकर यह चैंपियनशिप जीती है. वही पुरुषों में मैग्नस कार्लसन ने तीसरी बार यह ख़िताब जीता है.

SarkariExam.Com

Q19. भारत की साक्षी चौधरी ने ओलंपिक क्वॉलिफायर में सिल्वर मेडल विजेता सोनिया लाठेर को कितने किग्रा वर्ग में 2 बार हराया है?

क. 45 किग्रा

ख. 52 किग्रा

ग. 57 किग्रा

घ. 65 किग्रा

भारत की साक्षी चौधरी ने ओलंपिक क्वॉलिफायर में सिल्वर मेडल विजेता सोनिया लाठेर को 57 किग्रा वर्ग में 2 बार हराया है. उनकी इस जीत पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने उनकी ऑफिशियल ट्विटर हैंडिल से एक ट्वीट करते हुए तारीफ़ की है.

Q20. निम्न में से किस क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज पीटर सिडल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है?

क. इंग्लैंड क्रिकेट टीम

ख. पकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

घ. साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज पीटर सिडल ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है. उन्होंने 67 टेस्ट में 221 विकेट लिए है उन्होंने वर्ष 2008 में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मोहाली में खेला था.

SarkariExam.Com